Hindi | हिन्दी

Week Without Violence (हिंसामुक्त सप्ताह अभियान)
18-24 अक्टूबर 2021

Week Without Violence (हिंसामुक्त सप्ताह) महिलाओं के प्रति हिंसा को समाप्त करने का एक वैश्विक अभियान है। हरेक साल मेलबर्न के उत्तरी महानगरीय क्षेत्र में समुदाय के सदस्य और संगठन पारिवारिक हिंसा के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए हिंसामुक्त सप्ताह अभियान में भाग लेते हैं।

Week Without Violence (हिंसामुक्त सप्ताह) को चिह्नित करने के लिए लोग टी-शर्टों में चित्र बनाकर या पेंटिंग करके और उन्हें वर्चुअल या वास्तविक कपड़े टांगने की डोरी पर प्रदर्शित करते है। इसकी अवधारणा सरल है: प्रत्येक प्रतिभागी एक टी-शर्ट पर पारिवारिक हिंसा के बारे में अपनी भावनाओं को व्यक्त करता है।

Week Without Violence (हिंसामुक्त सप्ताह) अभियान में शामिल हों

इस वर्ष का विषय है: 'जुड़ें, सुनें, भरोसा करें: हमारे समुदायों में स्वस्थ, खुशहाल परिवारों के लिए योगदान दें'।

- अपने संदेश का चित्र एक टी-शर्ट पर बनाएँ
- सोशल मीडिया पर तस्वीर पोस्ट करें
- सहायता करने में समर्थ सेवाओं के साथ जुड़ें।

अपनी टी-शर्ट के साथ साझा करने के लिए संदेश

- यह Week Without Violence (हिंसामुक्त सप्ताह) है। हम साथ-मिलकर पारिवारिक हिंसा को समाप्त कर सकते हैं।
- Week Without Violence (हिंसामुक्त सप्ताह) अभियान में शामिल हों और हमारे समुदायों में स्वस्थ, खुशहाल परिवारों के लिए योगदान दें।
- मैं Week Without Violence (हिंसामुक्त सप्ताह) अभियान में शामिल हो गया/गई हूँ। सभी लोग सुरक्षित और सम्मानित महसूस करने के हकदार हैं।
- यह Week Without Violence (हिंसामुक्त सप्ताह) के दौरान परिवारिक हिंसा के अपने अनुभव के बारे में बात करने वाले लोगों के साथ जुड़ने, उनकी बात सुनने और उनपर भरोसा करने के लिए एक रिमाइंडर है।
- यदि आपको या आपके किसी परिचित को पारिवारिक हिंसा का अनुभव हो रहा है, तो सहायता उपलब्ध है। सेफ स्टेप्स से 1800 015 188 पर 24/7 संपर्क करें। यदि आप तत्काल खतरे में हैं, तो 000 पर कॉल करें।

इन संदेशों को सोशल मीडिया पर साझा करते समय हैशटैग #WWV और यह लिंक जोड़ें:
www.nifvs.org.au/event-directory/week-Without-violence/

सहायता उपलब्ध है

सहायता देने में सक्षम सेवाओं के बारे में पता लगाएँ: www.nifvs.org.au/resources/nifvs-resources/posters/